## खबर संक्षेप

### सुसाइड केस में आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने दीपांशु निवासी खेल बाजार को आत्महत्या के लिए मजबूर करने मामले में नामजद आरोपी अनिल निवासी कटारिया कॉलोनी, हुडा सेक्टर 11 को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि दीपांशु की आत्महत्या मामले में उसकी पत्नी कोमल की शिकायत पर थाना किला में बीएनएस की धारा 108, 3(5) के तहत केस दर्ज है।

### जानलेवा हमला करने वाले पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी टाउनशिप गेट नंबर दो के सामने किराना दुकान संचालक पर पिस्तौल से गोली चला जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों मनीष उर्फ बिहारी निवासी गांव कुताना व शुभम निवासी गांव सरफाबाद माजरा जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि थाना सदर में दुकानदार विनोद की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त बाइक व अवैध देसी पिस्तौल बरामद की है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह के राजकीय स्कूल के सामने जीटी रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी चालक संतोष की मौत हो गई। हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को ने संतोष के रिश्तेदार रतन कुमार वर्मा की शिकायत पर अज्ञता वाहन चलाक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद संतोष का शव, रतन को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सशक्तिकरण अवार्ड व होली सेलिब्रेशन का आयोजन

**पानीपत।** पानीपत मॉडल टाउन स्थित निजी होटल में तिआरा द क्राउन की द्वारा महिला सशक्तिकरण अवार्ड और होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। वोमेन्स एक्सीलेंस अवार्ड के अनुसार अपने अपने स्तर पर मेहनत कर रही 25 महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं महिलाओं ने होली भी मनाई। कार्यक्रम में संदीप शर्मा का भी योगदान रहा। नीरू शर्मा ने सभी को होली की शुभकामना दी।

### माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में यज्ञ किया

**पानीपत।** पूर्णिमा पर बारह मार्च की सुबह देसराज कालोनी स्थित माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में यज्ञ किया जाएगा। यज्ञ में विश्व कल्याण की कामना हेतू आहुति दी जाएगी। यह जानकारी अनिल पाण्डेय ने देते हुए नागरिकों से यज्ञ में आहुति देने की अपील की।

### समाधान कैंप से जनता लाभांवित

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जनता समाधान शिविर लोकप्रियता के रिकार्ड स्थापित कर रहा है। अधिकारियों के विशेष योगदान ने आम व्यक्ति का हौंसला बढाया है। उनके निजी जीवन में बदलाव आया है। समाधान शिविर में समस्या लेकर आने वाले लोग निसंकोच होकर प्रशासन के सामने अपनी समस्या रख रहे हैं। एक प्रकार से यह शिविर लोगों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि लगातार संचालित किये जा रहे इस समाधान शिविर की लोक प्रियता आज भी कायम है। इसका अंदाजा शिविर में लोगों द्वारा पेश की जा रही समस्याओं से लगाया जा सकता है।

### अवैध खनन रोकने में जुटा विभाग

**पानीपत।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि विभाग के महानिदेशक केएमपांडुरंग के आदेशानुसार व उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की देखरेख में अवैध खनन को रोकने व बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों के संचालन पर सख्त कदम उठाए हैं। वे स्वयं विभागीय आदेशों की अनुपालना करते हुए यमुना नदी क्षेत्र सहित जिला से निकल रहे नेशनल व स्टेट हाईवे पर खनिज वाहनों की चेकिंग कर रही हैं। साथ ही दिन रात अवैध खनन रोकने के लिए उनकी पूरी टीम सक्रियता से जिला में मॉनिटरिंग कर रही है।

---

देश व विदेशों से आए लाखों भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन किए

# श्याम बाबा मंदिर पर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा करवाई



**समालखा।** बाबा श्याम के दर्शन को पहुंची श्रद्धालुओं की भीड। *फोटो: हरिभूमि*



**समालखा।** श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करते हुए हेलीकॉप्टर। *फोटो: हरिभूमि*

**श्री श्याम बाबा का प्रतिदिन कोलकाता के मशहूर फूलों से विशेष श्रृंगार किया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

चुलकाना धाम मेले में विधायक मनमोहन भड़ाना द्वारा सोमवार को हेलीकॉप्टर से श्री श्याम बाबा मंदिर सहित पूरे गांव पर फूलों की वर्षा करवाई गई। भक्तों पर हुई पुष्प वर्षा से भक्तों के चेहरे पर खुशी छा गई। मंदिर परिसर सहित आस पास के गांवों, शहरों में भी श्री श्याम बाबा के जयकारों की गूंज दिनरात सुनाई देती रही।

श्री श्याम बाबा का प्रतिदिन कोलकाता के मशहूर फूलों से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिर पुजारी और मांगेराम ने बताया कि बाबा का श्रृंगार करने के लिए विशेष फूलों का चयन किया जा रहा है। चुलकाना धाम के रास्तों पर भंडारा लगाने वालों की भारी भीड़ लगी रही।

**पूरे देश में श्री श्याम बाबा का डंका बज रहा**

चुलकाना धाम में शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को वीर बर्बरीक का शीश दान होने के कारण यहां श्री श्याम बाबा के मेले की शुरुआत हुई थी। इधर, कलयुग में घर घर पूजे जाने का वरदान मिला जिसके कारण आज पूरे देश में श्री श्याम बाबा का डंका बज रहा है। चुलकाना धाम विशेष तीर्थ स्थान बन गया है मेले के अवसर पर श्रद्धालु, खीर, चूरमा, दूध, अनाज, आटा, गुड आदि का प्रसाद चढाएंगे। वहीं, नवजात बच्चों के यहां बाल चढ़ाए जा रहे हैं नवविवाहित जोड़ों की यहां जात दी जा रही है। जबकि मंगलवार को कन्या पाठशाला में दंगल का आयोजन किया जाएगा। देश व विदेशों से आए लाखों भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन किए।

---

# रेसलर साहिल ने जीता गोल्ड मेडल

- कुश्ती प्रतियोगिता में 97 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭इसराना



**इसराना।** भारतीय कुश्ती संघ की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेता रेसलर साहिल को अतिथियों के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

भारतीय कुश्ती संघ द्वारा पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में प्रतियोगिता में पानीपत के गांव इसराना के पहलवान साहिल जागलान ने फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में 97 किलो भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। साहिल ने अपने सभी मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में चंडीगढ़ के कुणाल को 10-0 से हराया। दूसरे में जम्मू के नदीम अहमद को 11-0 से मात दी। तीसरे मैच में उत्तर प्रदेश के अभिषेक को 11-0 से पराजित किया। फाइनल में महाराष्ट्र के सौरभ को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, साहिल ने अपनी जीत का श्रेय इसराना के हनुमान व्यायाम शाला के प्रधान सुक्रम जागलान व अपने माता और पिता को दिया।

# महिला दिवस धूमधाम से मनाया

- इंडियन ऑयल की महिलाएं हमेशा कड़ी मेहनत और चुनौतियों का बेहतर रूप से सामना करती है

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** रिफाइनरी के ईडी एमएल डहरिया के साथ नारी शक्ति। *फोटो: हरिभूमि*

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में हुई प्रगति का उत्सव मनाने का दिन है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें सम्मान देने हेतु पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कम्यूनिटी सेंटर, मिनी स्मार्ट सिटी में बड़ी भव्यता एवं सार्थकता के साथ मनाया गया है। इस वर्ष का थीम सभी महिलाओ और लड़कियों के लिए अधिकार समानता स्शक्तिकरण है। वहीं, सरस्वती वंदना के साथ, कार्यक्रम की विधिवत शरुआत मुख्य अतिथि एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, ने अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप) तथा सभी मुख्य-महाप्रबंधकगणों आदि उपस्थित रहे। वहीं, इधर, डहरिया ने अपना उद्घाटन भाषण में कहा कि इंडियन ऑयल की महिलाएं हमेशा कड़ी मेहनत और चुनौतियों का बेहतर रूप से सामना करते हुए पूरे उत्साह के साथ काम करके अपना सर्वश्रेष्ठ देती हैं ताकि देश के, निगम के व अपने सपनों को भी पूरा कर सकें। कार्यक्रम में प्रीति चोपड़ा, वर्तिका रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

---

# आईबी कालेज के छात्रों ने पौधे रोपे

- औषधीय पौधों से न केवल पर्यावरण संरक्षित होगा बल्कि विद्यार्थियों को इनका व्यावहारिक ज्ञान भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्य डॉ शिश प्रभा, विद्यार्थियों को पौधा भेंट करते हुए।

आईबी पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के आज पांचवें दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई। रेड क्रॉस से केला ने स्वयंसेवकों को प्रथम उपचार का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सर्पदंश, ततैया एवं कुत्ते के काटने जैसी आपात स्थितियों में तुरंत किए जाने वाले प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। वहीं बीपी लो और हाई होने पर आवश्यक कदम उठाने की प्रक्रिया भी बताई। इसके अलावा ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में हर्बल गार्डन विकसित किया। इस गार्डन में अंजीर, तुलसी, मरूआ, कढी पत्ता, लैमन ग्रास, अमरूद व अर्जुन आदि के 150 से अधिक पौधे रोपित किए गए। पौधरोपण में डॉ.परवीन कौशिक लाइब्रेरियन ने अहम भूमिका निभाई। वहीं प्रो.दलजीत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आईबी कॉलेज की एनएसएस इकाई का यह प्रयास सराहनीय है। औषधीय पौधों से न केवल पर्यावरण संरक्षित होगा बल्कि विद्यार्थियों को इनका व्यावहारिक ज्ञान भी मिलेगा। कॉलेज प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा ने भी पहल की सराहना की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जोगेश और खुशबू के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने हर्बल गार्डन स्थापित कर कॉलेज के लिए एक अमूल्य योगदान दिया है।

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें नारीः किरण

- एचएसआरएलएम ने मतलौडा में महिला सम्मान समारोह आयोजित किय

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत




**पानीपत।** जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह, लाभार्थी को चेक भेंट करते हुए।

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एचएसआरएलएम) पानीपत द्वारा महिला दिवस समारोह का आयोजन मतलौडा ब्लॉक में गठित शक्ति महिला क्लस्टर संगठन में किया गया। उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना था। शक्ति महिला क्लस्टर संगठन के तहत खंड में 320 स्वयं सहायता समूहों व 25 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है सरकार की तरफ़ से 1 करोड़ 18 लाख की राशि विभिन्न आजीविका गतिविधियों को शुरू करने व बढ़ाने के लिए प्रदान की गई है। जिला परिषद, पानीपत की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. किरण सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और महिलाओं को एसएचजी से जुड़कर नए आजीविका अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ किरण सिंह ने बताया की महिलाएं समूहों में जुड़कर नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। नए आजीविका जैसे मछली पालन, वीटा बूथ आदि शुरू करवाने पर बल दिया और महिलाओं को प्रेरित किया। स्वरोजगार कर नारी आत्मनिर्भर बनें।

**ये मौजूद रहे**

इस दौरान प्रोड्यूसर ग्रुप (पीजी) और इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर (आईएफसी) के तहत क्रमशः 2 लाख व 10 लाख आर्थिक सहायता के लिए चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर शक्ति महिला क्लस्टर संगठन की प्रधान पूजा भंडारी, डीपीएम मुन्तजिर आलम, खंड मतलौडा प्रभारी भूपेन्द्र, क्रीड से चंदर मोहन, सभी खंडों का एचएसआरएलएम स्टाफ व विभिन्न गांवों से समूह की महिलाओं ने भागीदारी की।

---

# आर्य कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम में रखवाई ईवीएम

- पर्यवेक्षक की उपस्थित में सील किया गया स्ट्रॉन्ग रूम, पुलिस की टू लेयर सिक्योरिटी में है स्ट्रॉन्ग रूम, 12 मार्च को होगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत





**पानीपत।** आर्य कॉलेज में बनाए स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम जमा करवाते हुए पोलिंग पार्टियां व स्ट्रॉन्ग रूम को सील करते हुए चुनाव अधिकारीगण।

पानीपत नगर निगम के चुनाव में मेयर व 26 वार्डों के लिए करीब 52.6 फीसदी मतदान हुआ है। हालांकि ये मतदान प्रतिशत पिछले दो चुनावों के मुकाबलों काफी कम है। साल 2018 के मुकाबले 10 फीसदी और साल 2013 के मुकाबले 17 फीसदी कम है। स्मरणीय है कि निगम के कुल 4 लाख 11 हजार 038 वोटर्स हैं। जिनमें से सिर्फ 2 लाख 14 हजार 565 वोटर्स ने ही अपने मत का प्रयोग किया। बाकी करीब 48 फीसदी लोग मतदान केंद्रों तक पहुंचे ही नहीं। अब 12 मार्च को नतीजे आएंगे।

### स्ट्रॉन्ग रूम की टू लेयर सिक्योरिटी

एसपी सिंह ने बताया कि आर्य कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में बनाए गए मतगणना तक स्ट्रॉन्ग रूम दो लेयर सुरक्षा घेरे में रहेंगे। स्ट्रॉन्ग रूम के हर कोने को कैमरों से लैस किया गया है। पहली लेयर में एचएपी के जवान तैनात किए गए हैं। इसी तरह दूसरी लेयर में जिला पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है।

### आर्य कॉलेज के स्पोर्ट्स ग्राउंड में होगी मतगणना

आर्य कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में ईवीएम के लिए स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। नगर निगम चुनाव मतदान के बाद सभी ईवीएम को रविवार की देर रात कडी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में सील कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा को लेकर स्ट्रॉन्ग रूम पर विशेष सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है।

**नोडल अधिकारी नियुक्त**

एसपी सिंह ने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के लिए डीएसपी सिटी राजबीर सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही इनकी सहायता के लिए थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल को नियुक्त किया गया है। स्ट्रॉन्ग रूम स्थल के आसपास के क्षेत्र में गश्त के विशेष निर्देश दिए गए है।

**पर्यवेक्षक ने सील करवाया स्ट्रॉन्ग रूम**

आर्य कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम में रख दिया गया है। चुनाव पर्यवेक्षक मनीता मलिक की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम ब्रह्मप्रकाश ने स्ट्रांग रूम को सील करवाया। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी भी करवाई गई। इस मौके पर डीएसपी सतीश वत्स, तहसीलदार वीरेंद्र गिल अन्य अधिकारी की उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी में अनियमिताएं करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही




हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

- हर आंगनवाड़ी केंद्र में उपलब्ध होगी मूलभूत सुविधाएं, केंद्रों में आ रहे बच्चों का स्वास्थ्य जांचा जाएगा

जिला सचिवालय में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी निरीक्षक व विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में उपायुक्त ने समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के साथ सात सूत्रीय एजेंडों पर चर्चा की। उपायुक्त ने कहा कि हर आंगनवाड़ी केंद्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी व सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। केंद्रों में अनियमिताएं सहन नहीं की जाएगी। आंगनवाड़ी से जुड़े बच्चों का मुफ्त हेल्थ चेकअप करवाया जाएगा।

---

वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

# पानीपत में यमुना पुल के पास संगम घाट बनवाया जाए

- यूपी से गंगा की धारा घाट तक लाई जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा को ज्ञापन सौंपते हुए रतन सिंह रावल, ओमदत्त आर्य आदि।

यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता रतन सिंह रावल के नेतृत्व में सोमवार को वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने पानीपत में हरियाणा व उत्तर प्रदेश की सीमा पर यमुना नदी के पुल के पास गंगा का पानी लाकर संगम घाट बनाने की मांग को लेकर लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के नाम उनके प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा को ज्ञापन सौंपा गया। एडवोकेट रतन रावल ने बताया कि यूपी के शामली जिला के गांव गंदेवडा में गंग नहर के माध्यम से गंगा का पानी आता है और हथिनी कुंड बैराज से पूर्वी यमुना नहर के माध्यम से यमुना नदी का पानी आता है। दोनों पवित्र नदियों का पानी आकर गांव गंदेवडा में मिलता है और यूपी सरकार ने वहां पर बहुत बढा संगम घाट बनवाया हुआ है। पानीपत जिला के भी बहुत से श्रद्धालु वहां पर अमावस्या, पूर्णिमा व कुंभ आदि के पर्वो पर स्नान करने के लिये जाते है। रावल ने बताया कि यूपी के सहारनपुर से गंदेवडा के संगम घाट के पास से होते हुए एक नाला पानीपत-यूपी बॉर्डर पर यमुना पुल तक आता है। उसी नाले के माध्यम से गंगा का पानी पानीपत में यमुना पुल घाट तक आ सकता है और इसके लिये यूपी सरकार द्वारा जमीन का भी अधिगृहण नहीं करना पड़ेगा।

**पानीपत के दानवीर भी मदद करने को तैयार**

रावल ने कहा कि संगम घाट को बनवानें मे पानीपत के दानवीर भी मदद करने को तैयार है। यहां पर संगम घाट बनने से जो व्यक्ति हरिद्वार या प्रयागराज आदि में स्नान करने नहीं जा सकते, वे यहां पर आसानी से स्नान कर सकेंगे। वहीं गजेंद्र सलूजा ने वकीलों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस मामले में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल से बातचीत करेंगे और यमुना पुल के पास संगम घाट बनाने को लेकर हर संभव प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सुभाष सैनी, एसपी अरोडा, रोशन लाल छौक्कर, शीशपाल, जसबीर भाटिया, रामप्रसाद जैन, कौसर अली, बालेश गोस्वामी, नरेश दहिया, गौरव रावल, तुषार रावल, आशु कौशिक, कमल त्यागी व बलविंद्र रावल, वरिष्ठ पत्रकार राममेहर कौशिक, ओमदत्त आर्य आदि मौजूद रहे।

### भाजपा की जीत तय : कोमल

**पानीपत।** नगर निगम के मेयर की पद की भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने दावा किया कि मेयर व सभी पार्षद पदों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव में विपक्षी दल के प्रत्याशी मुकाबले में कहीं नहीं ठहरते। उन्होंने दावा किया कि पानीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और जनता की तन, मन, धन से सेवा की जाएगी। पानीपत को विकसित नगर बनाया जाएगा।

**सूचना**

मैं, राम मोहन पुत्र श्री दया राम निवासी 7974, अशोक विहार कालोनी, कुटानी रोड पानीपत जिला पानीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रेमजीत व पुत्रवधु शिवानी मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

